# कार्यालय
# अधिशासी अभियन्ता
# पी0एम0जी0एस0वाई(सिं.ख.) रूद्रप्रयाग।

PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA

पत्रांकः 1458 पी.एम.जी.एस.वाई. (सिं.ख.) रूद्रप्रयाग / वनभूमि दिनांक 10/10/2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग,
जनपद रूद्रप्रयाग।

विषयः– जनपद रूद्रप्रयाग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित शिवनन्दी से सिमतोली मिसिंग लिंक (सिमतोली से काण्डा) मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.955 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। (प्रपोजल सं0– **FP/UK/ROAD/150493/2021**)

सन्दर्भ : आपका पत्रांक– 1058 / 12–1(2) दिनांक 24–09–2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि इस खण्ड के अन्तर्गत शिवनन्दी से सिमतोली मिसिंग लिंक (सिमतोली से काण्डा) मोटर मार्ग वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर आपके द्वारा लगाई गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निम्नानुसार निस्तारण कर दिया गया है–

| क्र0सं0 | लगाई गयी आपत्ति | आपत्तियों का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव में संलग्न बारचार्ट प्रपत्र–13 में मोटर मार्ग के निर्माण से उत्सर्जित मलबे के निस्तारण हेतु प्रस्तावित कुल 3 स्थलों जिनमें से 1 स्थल आरक्षित वनभूमि में एवं 2 स्थल नापभूमि में दर्शाये गये हैं। जबकि संलग्न मक डिस्पोजल प्रमाण पत्र–41 में प्रस्तावित कुल 3 स्थलों जिनमें से 1 स्थल सिविल वनभूमि में एवं 2 स्थल नापभूमि में दर्शाये गये हैं। | प्रस्ताव में संलग्न बारचार्ट प्रपत्र–13 में मोटर मार्ग के निर्माण से उत्सर्जित मलबे के निस्तारण हेतु प्रस्तावित कुल 3 स्थलों जिनमें से 1 स्थल आरक्षित वनभूमि में एवं 2 स्थल नापभूमि में दर्शाये गये हैं। प्रस्ताव के प्रपत्र संख्या–41 में टंकण त्रुटि होने के कारण सिविल सोयम दर्शाया गया था जिसका संसोधन कर दिया गया है। |
| 2 | मोटर मार्ग के निर्माण में नापभूमि प्रभावित हो रही है किन्तु नापभूमि में प्रभावित होने वाले वृक्षों का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। | मोटर मार्ग के निर्माण में नापभूमि प्रभावित हो रही है जिस पर शून्य वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं, का प्रमाण पत्र संलग्न कर दिया गया है। |
| 3 | प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–11.2 अनुसूचि सिविल सोयम भूमि में प्रभावित भूमि की लम्बाई एवं चौडाई नहीं दर्शायी गयी है। | प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–11.2 अनुसूचि सिविल सोयम भूमि में प्रभावित भूमि की लम्बाई एवं चौडाई प्रपत्र–12 में दर्शा दी गयी है। |

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

10/10/22

अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड,
रूद्रप्रयाग।

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि शिवनन्दी से सिमतोली (सिमतोली से काण्डा) मोटर मार्ग निर्माण में अधिग्रहित की जा रही नापभूमि में प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या शून्य है।

10/10/22

अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड,
रूद्रप्रयाग।

Bhatt J.E.

Assistant Engineer-
P.M.G.S.Y. (I.D.)
Rudraprayag